भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 4276
दिनांक 20 दिसंबर, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

जनजातीय महिलाओं के लिए स्वच्छता उत्पाद

4276. डॉ. कडियम काव्य:

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार द्वारा उन जनजातीय महिलाओं को स्वच्छता उत्पाद वितरित करने के लिए कोई योजना बनाई गई है जो देश में उन पहाड़ी क्षेत्रों और जंगलों में रह रही हैं जहां तक मोटर वाहन योग्य सड़कें नहीं हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ख) देश के दूरदराज के जनजातीय बहुल क्षेत्रों में स्वच्छता और मासिक धर्म स्वच्छता के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए सरकार द्वारा तेलंगाना सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) और (ख): 10-19 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों में मासिक धर्म स्वच्छता को बढ़ावा देने संबंधी योजना किशोरियों में मासिक धर्म स्वच्छता, किशोरियों द्वारा सैनिटरी नैपकिन तक पहुँच और उसके उपयोग तथा पर्यावरण के अनुकूल तरीके से सैनिटरी नैपकिन के सुरक्षित निपटान के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए लागू की गई है। किशोरियों को कवर करने के लिए यह योजना पूरे देश में लागू की गई है। इसे राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर राज्य कार्यक्रम कार्यान्वयन योजना (पीआईपी) के माध्यम से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा समर्थित किया जाता है।

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा विकसित सूचना शिक्षा और संचार सामग्री मासिक धर्म के दौरान स्वस्थ व्यवहारों के बारे में जागरूकता पैदा करती है। एएनएम, सीएचओ और आशा के रूप में क्षेत्र स्तर के कार्यकर्ता मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन के बारे में जागरूकता बढ़ाते हैं।

*****